दिन–रविवार दिनांक– 14 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। संपादक– धर्मेन्द्र कुमार राय
अवधिः– 05 मिनट टंकक– गोपाल कुमार

---

केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने मगही को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने का समर्थन किया है। श्री मांझी आज पटना में एक कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वे मगही को विकसित और संरक्षित करने के लिए अपने स्तर से हर संभव कोशिश करेंगे।

————————————————————————

मगही अकादमी और मगही लोक तुतबारी की ओर से आज पटना में डॉक्टर राम प्रसाद सिंह अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सम्मान पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शामिल केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी और नेपाल के मधेस प्रांत के वित्तमंत्री भरत प्रसाद साह ने मगही भाषा के क्षेत्र मे विशेष योगदान के लिए तीन साहित्यकारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर ओम प्रकाश जमुआर, ललन प्रसाद सिंह और भुनेश्वर महतो को सम्मानित किया गया।

————————————————————————

मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–पूर्व और दक्षिणी हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान अररिया और किशनगंज में भारी बारिश के साथ वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान लखीसराय, नवादा, नालंदा, खगड़िया, मधेपुरा और पूर्णियां में भारी बारिश दर्ज की गई है। सबसे अधिक बारह दशमलव पाँच सेंटीमीटर बारिश लखीसराय के हलसी में हुई है। वहीं, बेलदौर में साढे ग्यारह सेंटीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

————————————————————————

नेपाल के तराई क्षेत्रों में लगातार हो रहीं बारिश के चलते राज्य की कई प्रमुख नदियाँ उफान पर है। लगातार हो रही बारिश के चलते घाघरा, गंडक, बागमती, कोसी, कमलाबलान, महानन्दा और अधवारा समूह के नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण

कई जिलों में बाढ़ की स्थिति है। पश्चिम चंपारण जिले में बगहा, योगापट्टी और आस–पास के क्षेत्रों में बाढ़ का पानी फैला हुआ हैं। वहीं, पूर्वी चंपारण और गोपालगंज में कई निचले इलाके बाढ़ के संकट का सामना कर रहें है। बागमती और उसकी सहायक नदियों के जलस्तर बढ़ने से सीतामढ़ी के भी विभिन्न हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात है। वहीं, दरभंगा में कमलाबलान नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मधुबनी जिले में कोसी नदी और भूतही वलान के जलस्तर मे वृद्धि से जिले के मधेपुर और मधवापुर प्रखंड में लोगों को अपना घर–बाड़ छोड़कर पलायन करना पड़ा है। इधर, कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण सुपौल, सहरसा और मधेपुरा जिले के कई प्रखंड बाढ़ के चपेट में आ गए है।

————————————————————

केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोसी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में खतरे के निशान से एक मीटर ऊपर चला गया है। वहीं, सुपौल और कटिहार में नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। गंडक नदी का जलस्तर भी गोपालगंज जिले के डुमरिया में खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया है। वहीं, बागमती नदी का जलस्तर मुजफ्फरपुर के बेनीबाद और सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर में खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया।

————————————————————

बेगूसराय जिले में वज्रपात की चपेट में आकर पिछले चौबीस घंटों के दौरान तीन लोगों की मृत्यु हो गई। हमारे संवाददाता ने बताया कि नावकोठी थाना क्षेत्र मे दो जबकी वीरपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हुई है।

————————————————————

किशनगंज जिले में आज सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना मे पाँच लोगों की मौत हो गई और नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में छह बच्चें शामिल है। पुलिस ने बताया कि यह हादसा किशनगंज जिले के पौआखाली के पास हुआ जब एक चार पहिया वाहन तेज गति से दूसरी ओर से आ रही एक डंपर से टकरा गई।

————————————————————

समाप्त